an>

Title: Need to open a super-speciality hospital in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मेरा संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर औद्योगिक नगरी होने के नाते यहां देश के कई राज्यों से लोग रोजगार के लिए आते हैं और कल कारखाने भी बड़े पैमाने पर हैं। यहां की आबादी भी पर्याप्त है। जनसंख्या के हिसाब से इस क्षेत्र के स्थाई और अस्थाई लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हैं, इनका घोर अभाव है। यहां पर एक ही अस्पताल है जो टाटा कंपनी का है तथा जिसमें मुख्यत: टाटा कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का ही इलाज किया जाता है। आसपास कोई अच्छा अस्पताल नहीं होने के कारण जरूरतमंदों को 300 किलोमीटर दूर मामूली और गंभीर इलाज के लिए जाना पड़ता है। झारखंड में एक भी सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नहीं होने के कारण हजारों मौतें यहां होती हैं।

ज्ञातव्य हो कि झारखंड में भी एक नए एम्स की स्थापना की जानी है जिसके लिए राज्य सरकार ने 287.89 एकड़ जमीन भी चिन्हित करके प्रस्ताव केंद्र को भेजा है जो कि अब भी केंद्र सरकार के पास लंबित है।

अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में कम से कम 1000 बैंड का एक आधुनिक अस्पताल एम्स की तर्ज पर निर्माण कराने का जनहित में शीघ्र निर्णय लें। साथ ही साथ झारखंड में प्रस्तावित एकमात्र एम्स का निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरु कराने की कृपा करें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Bidyut Baran Mahato.